हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार 3 नवंबर 2026

9 ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता...



10 मुआवजे को लेकर किसानों का एसडीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन



खबर संक्षेप

सडक़ों से पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा

फतेहाबाद। नगर परिषद टोहाना द्वारा शहर में आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। देर रात नगर परिषद की टीम ने शहर की सडक़ों पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकडने की कार्रवाई की। नगर परिषद कर्मचारी रवि के अनुसार रात्रि के समय आवारा पशुओं को पकडक़र शिव नंदी गौशाला में पहुंचाया जा रहा है। अंधेरे में मुख्य सडक़ पर कई आवारा पशु घूम रहे थे, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और हादसे का खतरा बना हुआ है।

दो अलग-अलग छापों में अफीम तस्कर दबोचे

फतेहाबाद। अपराध शाखा टोहाना ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 510 ग्राम अफीम बरामद की है। अपराध शाखा टोहाना के प्रभारी उप-निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि अपराध शाखा के उप-निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम रेलवे स्टेशन रोड स्थित कवरसैन गुप्ता चौक पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि इंदिरा कॉलोनी निवासी सागर अफीम तस्करी का अवैध काम करता है।

ट्रक परिचालक से लूटपाट के तीन आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। एक ट्रक परिचालक से नकदी व मोबाइल फोन लूटने की वारदात को सुलझाते हुए फतेहाबाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामनिवास मोहल्ला, फतेहाबाद निवासी आकाश पंवार,योगेश उर्फ पुष्कर और अविनाश के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी उप-निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि राजस्थान के बीकानेर निवासी कालू ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़ित ने बताया कि गत 31 अक्टूबर को वह एक ट्रक चालक के साथ फतेहाबाद आया था और वे सिरसा रोड स्थित जिंदल फैक्टरी के पास पहुंचे थे।

पंजाब से हेरोइन लाकर बेचने वाला सप्लायर काबू

फतेहाबाद। टोहाना पुलिस ने 262 ग्राम हेरोइन बरामदगी के मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश उर्फ चीचड़ निवासी बाल्मीकि मोहल्ला, भूना के रूप में हुई है। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही की जा चुकी है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि 20 दिसंबर 2025 को पुलिस चौकी चंडीगढ़ रोड की टीम ने शीतला माता मंदिर के समीप से दो संदिग्ध युवकों अजय कुमार निवासी नहला और गुरजीत सिंह निवासी भूना को 262 ग्राम हेरोइन की भारी खेप के साथ रंगे हाथों काबू किया था।

धनतेरस पर श्री कुबेर योग तो दीपावली पर आयुष्मान, बुधादित्य राजयोग और लक्ष्मी-नारायण योग का संयोग

इस बार पांच नहीं, छह दिन तक रहेगा त्योहारों का उल्लास

फतेहाबाद में 6 नवंबर से सजेगा दीपोत्सव का बाजार, 8 को दीपावली, 11 नवंबर को भाई दूज

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर में दीपोत्सव की रंगत 6 नवंबर को धनतेरस के साथ शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही बाजारों में खरीदारी और घरों में त्योहार की तैयारियां तेज हो जाएंगी। इस बार दीपावली का पर्व क्रम छह दिनों तक चलेगा। धनतेरस से शुरू होने वाले उत्सव में यमदीपदान, नरक चतुर्दशी, महालक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भाई दूज तक धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहेगी। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार धनतेरस पर श्री कुबेर योग और दीपावली पर तीन शुभ योगों का संयोग रहेगा। ऐसे में धन-संपत्ति की खरीदारी, लक्ष्मी पूजन और शुभ कार्यों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह रहेगा। श्री श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि कार्तिक मास में दीपावली से लेकर देवउठनी एकादशी तक धर्म, आस्था और परंपराओं का विशेष महत्व रहता है। इस दौरान घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ, दीपदान और धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 6 नवंबर को धनतेरस के साथ दीपोत्सव की शुरुआत होगी, जबकि 8 नवंबर की शाम को प्रदोष काल में महालक्ष्मी पूजन किया जाएगा।



बाजारों और घरों में रहेगा उत्सव का माहौल



धनतेरस से भाई दूज तक चलने वाले पर्वों के कारण फतेहाबाद के बाजारों में खरीदारी का माहौल रहेगा। धनतेरस पर बर्तन, सोना-चांदी और अन्य घरेलू सामान खरीदने की परंपरा है। वहीं, दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी-गणेश पूजन किया जाएगा। इसके बाद गोवर्धन पूजा और भाई दूज के साथ दीपोत्सव का क्रम आगे बढ़ेगा। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार, इस बार तिथियों के निर्धारण में प्रदोष काल, उदया तिथि, अरुणोदय काल और अपराह्न काल का विशेष महत्व रहेगा।

भाई दूज 11 को

भाई-बहन के स्नेह और मंगलकामना का प्रतीक भाई दूज इस बार 11 नवंबर को मनाई जाएगी। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार, द्वितीया तिथि 10 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 1 मिनट से शुरू होकर 11 नवंबर को दोपहर 3 बजकर 54 मिनट तक रहेगी। धार्मिक परंपरा के अनुसार, जब द्वितीया तिथि दो दिनों तक अपराह्न काल में व्याप्त रहती है, तो दूसरे दिन भाई दूज मनाने का विधान माना जाता है। इसी आधार पर 11 नवंबर को भाई दूज मनाना उचित होगा।

नरक चतुर्दशी पर दीपदान पितरों के निमित्त अनुष्ठान

पुजारी के अनुसार, तिथियों के क्रम में बदलाव के कारण इस बार छोटी दीपावली और बड़ी दीपावली के बीच पर्वों का क्रम विशेष रहेगा। नरक चतुर्दशी के अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान, दीपदान और पितरों के निमित्त उल्का दान व दीपश्राद्ध की परंपरा का महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन अनुष्ठानों के माध्यम से परिवार की सुख-समृद्धि और पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाती है।

दीपावली पर रात 8 से 10 बजे तक ही कर सकेंगे ग्रीन पटाखों का प्रयोग

फतेहाबाद। वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने और आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किए हैं। जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने बताया कि पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राज्य के गैर-एनसीआर क्षेत्रों में भी पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसमें ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से पटाखों की डिलीवरी और बिक्री भी शामिल है। जारी निर्देशों के तहत संयुक्त पटाखों (सीरीज क्रैकर्स अथवा लड़ी) और सभी प्रकार के पटाखों पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, ग्रीन पटाखों को निर्धारित शर्तों और समय सीमा के अनुसार जलाने की अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त आतिशबाजी में बेरियम साल्ट के इस्तेमाल पर भी पूरे वर्ष प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि दीपावली तथा गुरुपर्व व

■ ऑनलाइन पटाखों की बिक्री और डिलीवरी पर रोक

अन्य त्योहारों पर ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति केवल रात 8 बजे से 10 बजे तक होगी। इसी प्रकार क्रिसमस की पूर्व संध्या और नववर्ष की पूर्व संध्या पर रात 11 बजकर 55 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक ही ग्रीन पटाखे जलाए जा सकेंगे। जिलाधीश डा. विवेक भारती ने कहा कि वायु प्रदूषण का बच्चों, बुजुर्गों तथा पहले से सांस और हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। पटाखों से निकलने वाले धातु कण, जहरीले रसायन और हानिकारक गैसें वायु गुणवत्ता को और खराब करती हैं। इससे पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे प्रदूषक तत्वों का स्तर बढ़ता है। उन्होंने इन निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

पटाखों की अस्थायी दुकानों के लिए होड़, 20 दुकानों के लिए 450 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

प्रकाश के पर्व दिवाली पर पटाखों की बिक्री से होने वाले मोटे मुनाफे की उम्मीद में इस बार अस्थायी लाइसेंस हासिल करने के लिए आवेदकों के बीच जबरदस्त मारामारी देखने को मिल रही है। शहर में पटाखों की महज 20 अस्थायी स्टॉल लगाने की अनुमति दी जानी है, जबकि इसके लिए करीब 450 लोगों ने अपने आवेदन जमा करवाए हैं। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो एक स्टॉल का लाइसेंस हासिल करने के लिए औसतन 22 से अधिक दावेदार कतार में खड़े हैं। लाइसेंस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए लोग दमकल केंद्र से लेकर प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। दमकल केंद्र में आवेदन जमा करने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए तहसीलदार कार्यालय में भी रोजाना आवेदकों की लंबी कतारें लग रही हैं। इस आपाधापी के बीच दमकल केंद्र में कुछ ऐसे आवेदन भी पहुंचे हैं, जिनमें तहसीलदार कार्यालय की एनओसी सिफारिश के खाली फॉर्म पर ही हस्ताक्षर किए गए थे, जिससे प्रक्रिया में होड़ का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

3 दिन लगेंगी दुकानें

प्रशासनिक व्यवस्था के अनुसार, शहर के सेक्टर क्षेत्र में तीन दिनों के लिए पटाखों की अस्थायी स्टॉलें लगाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों के तहत लाइसेंस तथा आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य किया गया है सीमित दुकानों और आवेदकों की अप्रत्याशित रूप से बड़ी संख्या को देखते हुए इस बार लाइसेंस हासिल करना आसान नजर नहीं आ रहा है। अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि इन 450 से अधिक दावेदारों में से किन भाग्यशाली 20 लोगों को पटाखों की स्टॉल लगाने का मौका और लाइसेंस मिलता है।

पुलिस चौकी से आरोपी फरार, शाम को पकड़ा

● पुलिस चौकी नागपुर ले जाते समय चकमा देकर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

रतिया में पुलिस अभिरक्षा से एनडीपीएस एक्ट का आरोपी फरार हो गया। सोमवार को आरोपी संदीप उर्फ सन्नी सदर थाना रतिया की हवालात से पुलिस चौकी नागपुर ले जाते समय पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग निकला। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर तलाश अभियान चलाया और कुछ घंटों बाद आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस चौकी से आरोपी के फरार होने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागपुर चौकी के इंचार्ज एवं मामले के जांच अधिकारी बसंत कुमार ने आरोपी के फरार होने की पुष्टि करते हुए बताया कि उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ आगामी कार्रवाई की जा रही है।

पराली जलाने की घटना नहीं, फिर भी हवा में धुआं, आंखों में हो रही जलन

हरिभूमि न्यूज ⏭डिग

क्षेत्र में पराली जलाने की कोई घटना सामने नहीं आने के बावजूद इन दिनों आसमान में धुएं की परत छाई हुई है। हवा में बढ़ते धुएं और प्रदूषण के कारण लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी महसूस होने लगी है। हैरानी की बात है कि स्थानीय स्तर पर पराली नहीं जलाई जा रही, फिर भी क्षेत्र की आबोहवा प्रदूषित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब भी हवा का रुख उत्तर दिशा की ओर से होता है, क्षेत्र में धुएं का असर बढऩे लगता है। लोगों के अनुसार उत्तर-पश्चिमी हवा के साथ पंजाब की ओर से धुआं यहां पहुंचता है, जिससे वातावरण में धुंध और प्रदूषण की स्थिति बन जाती है। स लोगों का कहना है कि



स्थानीय स्तर पर पराली जलाने की घटनाएं नहीं होने के बावजूद उन्हें प्रदूषण की मार झेलनी पड़ रही है। आंखों में जलन के साथ खुले में निकलना भी मुश्किल होने लगा है। लोगों ने प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण विभाग से प्रदूषण के स्रोतों पर निगरानी रखने की मांग की है।

सडक़ हादसों में बाइक सवार दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिले में थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक व्यक्ति की पहचान जिले के गांव बालासर निवासी हरदीप सिंह के रूप में हुई है। हरदीप सिंह सिरसा में एक निजी अस्पताल में काम करता था। रविवार रात को वह बाइक पर घर जा रहा था। रास्ते में गांव चकराइयां के पास थार गाड़ी ने हरदीप की बाइक को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद बाइक थार के नीचे फंस गई और गाड़ी उसे घसीटते हुए काफी दूर तक ले गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी।

अवैध पटाखों के भंडार सहित आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पुलिस ने डबवाली शहर क्षेत्र से बड़ी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडारण बरामद किया है। पुलिस के अनुसार विस्फोटक सामग्री को कब्जे में लेकर आरोपी मकान मालिक गुलशन कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि अवैध पटाखों के भंडारण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपपुलिस अधीक्षक योगेश कटारिया के नेतृत्व में सीआईए डबवाली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रामनगर कॉलोनी में यह कार्रवाई की। मकान की तलाशी लेने पर वहां से विभिन्न प्रकार एक क्विंटल 19 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बरामद पटाखों को कब्जे में लेकर आरोपी गुलशन कुमार के खिलाफ थाना शहर डबवाली में अभियोग दर्ज किया है।



सिरसा। अवैध पटाखों के साथ पकड़ा गया आरोपी। फोटो: हरिभूमि

रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

■ सरकार व विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा/चौपटा

सिरसा जिले में रोडवेज बसों की हड़ताल सोमवार शाम को खत्म हो गई है। कर्मचारियों की सरकार एवं रोडवेज प्रशासन से वार्ता में सहमति बन गई। सोमवार सुबह सिरसा डिपो की बसें नहीं चलने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री बसों के इंतजार में बस स्टैंड पर बैठे रहे, लेकिन कई रूटों पर सरकारी बस सेवा उपलब्ध नहीं हो पाई। हालांकि अन्य जिलों से रोडवेज की बसें सिरसा आईं लेकिन सिरसा डिपो की बसें रूटों पर नहीं चली। लोकल रूटों पर बसें न चलने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



सिरसा। नाथूसरी चोपटा बसों का इंतजार करते यात्री। फोटो: हरिभूमि

सेवाएं रही प्रभावित

नाथूसरी चौपटा बस स्टैंड से फतेहाबाद डिपो की बसें चौपटा वाया भट्टू रूट पर चलती रहीं। वहीं, नोहर और भादरा रूट पर सिरसा डिपो की बसें बंद रहने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। इसके अलावा डबवाली डिपो की बस सुबह के समय चौपटा से पोकरण के लिए रवाना हुई। गौरतलब है कि हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर सिरसा डिपो के कर्मचारी रविवार शाम से हड़ताल पर चले गए थे। इसके चलते सोमवार से सिरसा डिपो से संचालित होने वाली सरकारी बस सेवाएं प्रभावित रहीं।

बातों में उलझाकर जेब से 9 हजार चुराए, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भट्टूकलां में शातिर चोरों ने एक व्यक्ति को अपनी बातों में उलझा कर उससे 9 हजार रुपये की नकदी छीन ली। इस मामले में सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपक पुत्र कमलेश निवासी प्रताप नगर, भट्टूकलां के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि गांव बोदीवाली निवासी पृथ्वी सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़ित ने बताया कि गत एक नवंबर को वह हिसार से भट्टू कलां आया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसी दौरान दो अज्ञात युवक उसके पास आए। उनमें से एक युवक उसके पास बैठ गया, जबकि दूसरा उससे बातचीत करने लगा। दोनों ने शातिर तरीके से उसे बातों के जाल में उलझा लिया। इसी बीच, पास बैठे युवक ने धोखे से उसके कुर्ते की दाहिनी जेब से 9 हजार रुपये की नकदी निकाल ली।



फतेहाबाद। भट्टूकलां पुलिस द्वारा चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक।

चर्चा खंड शिक्षा कार्यालय सिरसा में जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला की अध्यक्षता में बैठक

रेड, येलो, ग्रीन जोन में बांटे गए विद्यालय, बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए मिशन सफलता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की आगामी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में सुधार लाने के उद्देश्य से सोमवार को खंड शिक्षा कार्यालय सिरसा में जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें खंड शिक्षाधिकारी रमेश कुमार सहित खंड के 32 राजकीय हाई एवं सीनियर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यालय मुखियाओं तथा जिला गणित विशेषज्ञ डॉ. प्रियदर्शन ने भाग लिया। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। इस दिशा में एक विशेष अभियान को मिशन सफलता नाम दिया गया, जिसके अंतर्गत सभी विद्यालयों को उनके पिछले बोर्ड परीक्षा परिणाम के आधार पर तीन जोन में विभाजित किया गया है, जिनमें रेड जोन 50 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालय, येलो जोन 51 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक परीक्षा परिणाम वाले विद्यालय व ग्रीन जोन 80 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों को रेखांकित किया गया।



सिरसा। डीईओ स्कूल के मुखियाओं की बैठक लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

सफलता का संकल्प

जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने कहा कि मिशन सफलता का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम में सुधार करना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक क्षमता को पहचानकर उसे बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। प्रत्येक विद्यालय को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सुनियोजित रणनीति के साथ कार्य करना होगा। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी विद्यार्थी पीछे न रहे और जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट स्तर पर पहुंचे।

स्कूल मुखियाओं को ये निर्देश दिए

सभी विद्यालय मुखियाओं को ये दिए निर्देश विद्यार्थियों से पिछले दस वर्षों के बोर्ड परीक्षा प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास करवाया जाए, विद्यार्थियों की तैयारी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया जाए, बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए सैंपल पेपर नियमित रूप से हल करवाए जाएं, ओपन टेक्स्ट बुक एग्जाम की तर्ज पर विद्यार्थियों में लिखित अभ्यास एवं उत्तर लेखन की क्षमता विकसित की जाए। पीयर लर्निंग को बढ़ावा दिया जाए, ताकि विद्यार्थी एक-दूसरे से सीखकर अपनी कमजोरियों को दूर कर सकें। प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि पढ़ाई का कोई भी महत्वपूर्ण समय व्यर्थ न जाए। विद्यार्थियों की विषयवार कमजोरियों की पहचान कर उनके सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

रोहतक, मंगलवार
3 नवंबर 2026

हरिभूमि
सहेली



दीपक की आभा-सी दमकें अनुभूतियां

दीपावली पर प्रज्ज्वलित मिट्टी के दीपक जीवन में हमें बड़ी-बड़ी सीख देते हैं। ये बताते हैं कि हम कैसे अज्ञानता के अंधेरे में ज्ञान की ज्योति जलाकर सही मार्ग पर चलें, जीवन में आभा बिखेरें, हमारी अस्मिता बनी रहे। ये दीपक आपस में जुड़कर मानवीय प्रेम का प्रकाश फैलाने का महत्व भी बताते हैं। सही मायने में ये दीपक हमें जीवन दर्शन बताते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा



दीपावली के पर्व पर दीयों से भरी थाली लिए प्रकाश बांटते हुए थोड़ी-सी चमक अपने अंतर्मन में भी उतारें। मिट्टी के नन्हे दीये की उजास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। दीये की सहज-सी टिमटिमाहट जीवन से जुड़े अनगिनत पाठ पढ़ाती है। दीपावली पर अपने आंगन में ही नहीं, दूसरों की देहरी पर भी दीप रखने की परंपरा निभाने वाली स्त्रियां, दीपक से बहुत कुछ सीख सकती हैं। दीपोत्सव मनाते हुए, दीये जलाते हुए, मिट्टी के प्यारे से दीपक से जीवन में उजास भर देने वाले सबक जरूर लें।

भरें अपने मन में उजास

घर-आंगन ही नहीं, रिश्तों को भी स्नेह के उजास से पूरने वाली स्त्रियां खुद उपेक्षा और अकेलेपन के अंधकार से घिर जाती हैं। इंसानी भाव-चाव के उजालों से दूर अपने आप में सिमट कर रह जाती हैं। यह आशा बनी रहती है कि किसी का स्नेह, साथ या सहारा इस घेरे को तोड़ेगा। ऐसे मनोभावों से घिरी हर स्त्री माटी के दीये से सार्थक सीख ले सकती है। कहा भी गया है 'अपना दीपक स्वयं बनो' यानी पहले अपने मन को प्रकाशित करो, फिर औरों के जीवन को। यह बात उजाला फैलाने के मोर्चे पर तैनात माटी के दीपक से बेहतर कौन सिखा सकता है। स्त्रियां अकसर औरों के जीवन में उजाला भरने की जद्दोजहद में अपने भीतर पसरती अनचाही-सी पीड़ा के अंधेरे को नहीं देख पातीं, जबकि दिवाली केवल बाहर नहीं, भीतर भी उजास भरने का उत्सव है। केवल घर की साफ-सफाई नहीं बल्कि तनाव, चिंता और तुलना के भाव वाली मन में जमी धूल झाड़ने का भी अवसर है। यह त्योहार अपने हिस्से की उजास पाने के मोर्चे पर तैनात होने का जाग्रत-भाव साथ लाता है। नन्हे दीये की कांपती लौ का सौंदर्य परेशानियों में भी डटे रहने का ही सबक देता है। असीम धैर्य और हौंसला सहेजे यह आभा, स्वयं अपनी अनुभूतियों को समझने का भी संदेश लिए है। आत्म साक्षात्कार के इस पर्व में महिलाएं एक दीया अपने मन में भी जलाएं।

दिखावटी चमक से दूरी

माटी का दीपक ठहराव की भी सीख देता है। आज के समय में यह सबक बहुत जरूरी है, क्योंकि झूठी चमक-दमक स्त्रियों को बहुत सी समस्याओं का शिकार बना देती है। विचारणीय है कि झिलमिलाते हुए प्रकाश की उजास में भी दीया कहीं गुम नहीं हो जाता। दीपक का अस्तित्व और आलोक चमक-दमक के बीच भी बना रहता है। वह किसी भी परिस्थिति में भ्रमित होकर अपनी लौ नहीं बुझा लेता। माटी के दीये की इस सीख में हर महिला के लिए बहुत गहरी बात समाहित है। चमचमाती कृत्रिम रोशनी के बीच भी दीये की रौनक के अपने मायने हैं। आनंद और आत्मीयता के इस उत्सव को, उल्लास से जीते हुए यह सीख जरूर लें कि अपने मन-जीवन की आभा की तुलना किसी से नहीं करनी है।

जज्बाती जुड़ाव की रोशनी

बिखरते रिश्तों के इस दौर में माटी का दीपक जुड़कर रहने की सीख भी देता है। घर-परिवार को थामने वाली महिलाएं यह बात स्वयं भी समझें और अपनों को भी समझाएं। यूं ही दिवाली के सुंदर उत्सव का प्रकाश भी अपनों के साथ से ही तो बिखरता है। दीया भी समझाता है कि जितनी आभा के साथ वह अकेला जलता है, उससे कहीं अधिक पूर्णता एक पंक्ति से जुड़ पाता है। अपने साथियों की कतार में शामिल होते ही दीपक की दमक और बढ़ जाती है। समाज, परिवार और संबंधों को आज ऐसे ही जुड़ाव की जरूरत है। अपनेपन से आलोकित होने की दरकार है। दीये जलाने का प्रतीकात्मक अनुष्ठान असल में अनुभूतियों को मानवीयता से जोड़ने का उद्देश्य लिए है। दीपक नई शुरुआत का भी प्रतीक होता है। ऐसे में रिश्तों में आई उलझनों को सुलझाकर किसी भी मोड़ पर फिर एक नई शुरुआत करने का सबक लें। मिट्टी का दीपक बंद दरवाजे के पीछे भी जल रहा हो , तो भी उसकी रोशनी बाहर निकलने का रास्ता बना ही लेती है। कहीं दूर अंधेरे में जल रहा दीया भी अपने होने की चमक हम तक पहुंचा ही देता है। इसीलिए घरों की चौखट और मुंडेर पर दीपक जलाते हैं। दीपक से जीवन के किसी भी पड़ाव पर नई शुरुआत कर अपने जीवन को जगमग करने का पाठ अवश्य पढ़ें।

कोशिशों की उजास


माटी का टिमटिमाता दीपक समझाता है कि अपनी शक्ति और सामर्थ्य को समेटकर आगे बढ़ते रहो। दीपक की बाती हवाओं से पूरी हिम्मत से जूझती है। ठिठकती है, मंद पड़ती है पर बुझती नहीं। स्त्रियों को भी चेतना के धरातल पर यूं ही जाग्रत रहना चाहिए। हंसते-मुस्कुराते जीवन के हर पहलू के प्रति जागरूक रहते हुए आगे बढ़ने का भाव रखना चाहिए। जिम्मेदारियों की भाग-दौड़ में अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए उम्मीदों का दामन थामे रहना आवश्यक है। दीया जलते ही घर के सभी कोने सकारात्मक ऊर्जा से भर जाते हैं। यूं ही महिलाएं भी हर परिस्थिति में अपने व्यवहार को सकारात्मक और विचारों की समझ से प्रकाश से लबरेज रखने की कोशिश करती हैं। यह बात व्यक्तिगत रूप से महिलाओं के जीवन में ही नहीं, पूरे परिवार में खुशहाली लाती है। दीये से यह सीखना होगा कि किस तरह सौम्य मुस्कुराहट बिखेरते हुए सहज स्वीकार्यता का भाव रखना है।

रंग-बिरंगी रंगोली से सजाएं घर

जब तक घर-आंगन में खूबसूरत सी रंगोली न सजी हो, दीपावली की सजावट अधूरी लगती है। रंगोली से सारी सज्जा खिल उठती है। हम यहां आपको बता रहे हैं, कुछ आसान-आकर्षक रंगोली डिजाइंस के बारे में।

साज-सज्जा

श्वेता आयंगर



जब बात हो दीपावली पर सजावट करने की, तो आज के दौर में इसके आधुनिक और हाईटेक के कई तरीके उपलब्ध हैं। लेकिन सजावट के कुछ पारंपरिक तरीकों का सौंदर्य, लाजवाब होता है। रंगोली भी इन तरीकों में से एक है। रंगोली सजाने के कुछ खूबसूरत पैटर्न के बारे में जानिए।

बिंदुओं वाली रंगोली: ट्रेडिशनल बिंदु वाली रंगोली दीपावली पर खूब पसंद की जाती हैं। इसे शुभ भी माना जाता हैं। भले ही इसे बनाने में समय अधिक लगता है लेकिन तैयार होने पर बेहद खूबसूरत लगती है। इसमें बिंदु छाप या सफेद चाक की मदद से खूबसूरत पैटर्न बनाए जाते हैं। इसमें ज्यादातर भगवान कृष्ण, भगवान गणेश, देवी लक्ष्मी के चरण, स्वास्तिक, स्टार, फूल, दीपक, जियोमेट्रिकल शेप्स, मोर या दक्षिण भारतीय कला पैटर्न बनाए जाते हैं। आप इसे केवल सफेद आउटलाइन के रूप में छोड़ सकती हैं या रंगोली पावडर, हल्दी-चावल और रंग-बिरंगे अनाज से रंग भरकर और आकर्षक बना सकती हैं।



फूलों वाली रंगोली: इस तरह की रंगोली जल्दी बन जाती है और इसे सजाने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती है। इसे बनाने के लिए आप अलग-अलग तरह के ताजे साबुत फूल, सूखे फूल, फूलों की पंखुड़ियों और पत्तियों का इस्तेमाल करके शानदार रंग-बिरंगे पैटर्न और डिजाइन बना सकती हैं। आप इसे गोल, चौकोर किसी भी आकार में बना सकती हैं। इसके बीच में छोटे दीए रख सकती हैं। जब इस रंगोली पर दीयों की रोशनी चमकती है, तो यह और भी खूबसूरत लगती है।

रेडीमेड रंगोली: अगर आप रंगोली बनाने में एक्सपर्ट नहीं हैं, तो निराश न हों। आजकल बाजार में रेडीमेड रंगोली स्टेंसिल्स मिल जाते हैं। ये स्टेंसिल्स आप कई बार इस्तेमाल कर सकती हैं। इनमें आपको अलग-अलग डिजाइन और शेप मिल जाएंगे। ॐ, स्वास्तिक और फेस्टिवल के अनुसार डिजाइन आपको आसानी से मिल जाएंगे। आप अपनी क्रिएटिविटी के अनुसार इन स्टेंसिल्स का उपयोग करके रंगोली को और भी खास बना सकती हैं। स्टेंसिल्स के अलावा इन दिनो डी. आई. वाई. रंगोली किट भी ट्रेंड में हैं। इस तरह की किट में डिजाइन शीट, कलर और सजावट का समान एक साथ आता हैं। बस आपको इसमें रंग भरना होता है और मिनटों में सुंदर रंगोली रेडी हो जाती है।

पानी पर रंगोली: अगर आप कुछ नया और अलग आजमाना चाहती हैं, तो पानी पर रंगोली बनाना भी बेहतर विकल्प है। पानी पर बनी रंगोली न केवल आकर्षक दिखती है, बल्कि इसे संभालना और सजाना आसान होता है। इसके लिए किसी चौड़े बर्तन या थाली में पानी भरें और ऊपर से कुछ बूंदें तेल की डालें, ताकि रंग पानी में फैले नहीं। आप चाहें तो थाली के अंदर की सतह पर पहले हल्का तेल लगा सकती हैं। इससे रंगोली ज्यादा देर तक टिकती है। फिर धीरे-धीरे रंग या फूलों के पीटल्स से अपनी पसंद का पैटर्न बना लें। इसे और आकर्षक बनाने के लिए आप इसमें फ्लोटिंग दीयों या अरोमा कैंडल्स से भी सजा सकती हैं।



क्रिएटिविटी का करें यूज: थोड़ी-सी क्रिएटिविटी और घर में मौजूद कुछ सामान से भी आप शानदार रंगोली बना सकती हैं। जैसे चूड़ी, सुपारी, ईयरबड्स, पेपर कप्स, चम्मच आदि चीजों की मदद से भी बेहद सुंदर रंगोली डिजाइन बना सकती हैं। ई-टूल्स से रंगोली जल्दी बन जाती है और देखने में भी बेहद सुंदर लगती है। आप चाहें तो यू-ट्यूब पर रंगोली ट्यूटोरियल की मदद से स्टेप बाय स्टेप इस तरह की रंगोली बनाना सीख सकती हैं। थोड़ी सी-प्रैक्टिस और कल्पनाशक्ति के साथ आप हर बार कुछ नया ट्राई कर सकती हैं।

(रंगोली एक्सपर्ट प्राची वर्मा से बातचीत पर आधारित)

सलाह

चैतन्या

दीपावली के मौके पर अपने हाउस हेल्पर्स की खुशी का पूरा ख्याल रखें। वे भी त्योहारी खुशी के हकदार हैं। हमेशा आपके मददगार रहने वाले ये हाउस हेल्पर्स जब त्योहार पर आपका स्नेह-प्यार और सम्मान पाएंगे, इनको खुशियां तो मिलेंगी ही, आपकी खुशियां दोगुनी हो जाएंगी।

त्योहार पर हाउस हेल्पर्स का भी रखें ख्याल



किंग वूमेन हों या हाउस वाइफ, इनकी मदद के बिना दीपावली का पर्व नहीं मनाया जा सकता। सफाई के मोर्चे पर डटने से लेकर खाने-पीने की सामग्री तैयार करने तक, मार्केट से सामान लाने तक हाउस हेल्पर्स की सहायता ली जाती है। ऐसे में दीपावली पर अपने डोमेस्टिक वर्कर्स को भी खास सम्मान दें। आभार और उपहार संग पराए कहे जाने वाले इन अपनों के प्रति भी अपनापन जरूर जताएं।

मन से कहें धन्यवाद: चमचमाते घर में दीपावली मनाते हुए साफ-सफाई के काम में आपका साथ देने वाली अपनी सहायिका या हेल्पर को ना भूलें। त्योहारी तैयारी से जुड़े कितने की कामों में आपका साथ देने वाले इन हाउस हेल्पर्स को दिल से धन्यवाद कहें। आमतौर पर काम हो जाने के बाद किसी की भी उपेक्षा का रवैया अपनाना हमारे घरों में आम सी बात है। महिलाएं तो इस सोच और व्यवहार को और अच्छे से समझ सकती हैं। ऐसे में आपकी मदद करने वाले हाउस हेल्पर्स के लिए प्यारा-सा धन्यवाद तो बनता ही है। दिखावटी औपचारिकता से दूर आपके शब्द और बर्ताव उन्हें यह जरूर महसूस करवाएं कि उनकी मदद की बहुत अहमियत है। उनका साथ आपके यहां नौकरी करने वाले एक इंसान भर का नहीं बल्कि मन-जीवन का संबल-सा है।

दें जरूरत के सामान: उपहार किसी को भी दिया जाए, इमोशनल बॉन्डिंग को मजबूत करता है। ऐसे में अपने हाउस हेल्पर्स को उनकी जरूरत के मुताबिक कोई गिफ्ट दें। यहां-वहां से आए गिफ्ट थमाकर फॉरमैलिटी पूरी न करें। बहुत चीजें भले ही महंगी हों, अच्छी हों लेकिन उनके लिए काम की नहीं होती हैं। यह ना भूलें कि उनकी जीवनशैली और जरूरतें आपसे अलग हैं। चाहें तो अपने बजट के अनुसार उनसे पूछ लें कि उन्हें किस चीज की जरूरत है। समय पर उन्हें त्योहारी बोनस दें। मिठाइयां, कपड़े या कोई अन्य आइटम देते हुए उनकी जिंदगी की आवश्यकताओं को भी समझें। कई घरों से एक ही तरह के सामान मिलने से उनके लिए संभालना मुश्किल हो जाता है। इतना ही नहीं, घर को गैर-जरूरी चीजों से फ्री करने के लिए उन्हें पुराने समान भी ना थमाएं। वे शायद खुलकर मना ना कर पाएं, लेकिन आप तो समझें कि क्लटर तो उनके भी किसी काम नहीं आएगा। गिफ्ट देते हुए बरती गई थोड़ी सी समझदारी आपका जीवन सहज बनाने वाले सहायकों का जीवन आसान कर सकती है।

त्योहार से पहले लें मदद



दीपावली आपके लिए ही नहीं, उनके लिए भी बड़ा त्योहार है। ऐसे में अपने मददगारों को दीपपर्व के दिन तक बिजी न रखें। समय रहते और प्लानिंग के साथ उत्सव की तैयारियां शुरू करें। अपने घर के सारे काम निबटाते हुए यह ना भूलें कि आपकी घरेलू सहायिका के घर भी त्योहार है। डोमेस्टिक हेल्पर को अपने घर में भी तैयारियां करनी होती हैं। उत्सव के दिन तक चलने वाला काम का यह ओवर लोड उनका भी रूटीन बिगाड़ देता है। खुशियां मनाने के बजाय तनाव के घेरे में ले आता है। उनकी मदद जरूर लें, लेकिन समय पर फ्री भी कर दें। साथ ही अगर आपके यहां काम कर रहे किसी डोमेस्टिक हेल्पर को दीपावली पर अपने घर जाना हो तो उसे छुट्टी देने में भी आनाकानी न करें।

ट्रेंड


ललिता गोयल

फेस्टिव ऑकेजन पर एसेसरीज से पाएं स्टनिंग लुक

जब मौका हो दीपावली जैसे पर्व का तो सजना-संवरना और खूबसूरत दिखना भला कौन नहीं चाहेगा! दूसरों से खुद को अलग दिखाने के लिए कुछ अलग एफर्ट करना जरूरी होता है। इसके लिए आप कुछ स्पेशल एसेसरीज को कैरी कर सकती हैं।



स्टेटमेंट ज्वेलरी: स्टेटमेंट ज्वेलरी, आमतौर पर बड़ी साइज की और डिजाइनर होती है, जो लुक को एक नए लेवल पर ले जाती हैं। स्टेटमेंट ज्वेलरी में चंकी नेकलेस, पायल, झुमका, चूड़ी या कड़ा शामिल होते हैं, जो साड़ी या लहंगे के साथ परफेक्ट लगते हैं। ट्रेंडी और मॉडर्न लुक के लिए मेटल और स्टोन से बनी स्टेटमेंट ज्वेलरी जैसे गोल्डन और सिल्वर चोकर सेट, मीनाकारी कड़ा या स्टोन वाली अंगूठियां भी लुक को और सुंदर बना सकती हैं। खूबसूरत-सी कॉकटेल रिंग भी परफेक्ट लुक देने में मदद करती है।



मांगटीका और बिंदी: पारंपरिक मांगटीका और बिंदी भी फेस्टिव लुक में एक खास टच जोड़ती है। भारतीय परंपरा में एथनिक लुक के साथ बिंदी न लगाई जाए तो कुछ अधूरा सा लगता है। लहंगे और साड़ी के साथ मांग टीका भी आपके लुक को कंप्लीट करता है।

पोल्की झुमके विद लेयर चेन: फेस्टिव लुक में पोल्की झुमके एकदम ट्रेडिशनल लुक देते हैं पोल्की झुमकों के साथ लेयर में चेन अटैच्ड करके बालों में पिनअप करके एंटीक टच पाया जा सकता है।



डिजाइनर चूड़ियां: फेस्टिव सीजन में लुक को और भी ज्यादा इनहैंस करने के लिए आप आउटफिट के हिसाब से मैचिंग या फिर कलरफुल चूड़ियां पहन सकती हैं। इसके अलावा ऑक्सीडाइज और कुंदनवर्क के बैंगल्स भी परफेक्ट लुक देते हैं।

आकर्षक कमरबंद: स्टोन स्टडेड एंड पर्ल बीडेड कमरबंद भी साड़ी और लहंगे के साथ परफेक्ट लुक देता है। कांजीवरम या बनारसी साड़ी पर ट्रेडिशनल कमरबंद पहनने से एक स्टाइलिश और अट्रैक्टिव लुक मिलता है।

हेयर एसेसरीज: गजरा, हेयर पिंस या फ्लोरल हेड गियर के जरिए आप अपने हेयरस्टाइल को फेस्टिव रंग में रंग सकती हैं।

(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)

प्रिकॉशन

महिलाएं त्योहार की तैयारियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि अपनी डाइट और सेहत पर ध्यान नहीं दे पातीं। ऐसे में उनको कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे बचने के लिए डाइट का ध्यान रखना जरूरी है।

जब लेंगी प्रॉपर डाइट सही रहेगी आपकी हेल्थ



दीपावली जैसे बड़े फेस्टिवल पर महिलाएं सफाई, सजावट, पूजा और मेहमानों की खातिरदारी में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसे में ज्यादा मीठा और तला-भुना खाने, पानी कम पीने और नींद पूरी न होने से गैस, एसिडिटी, थकान होने के साथ ही ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए त्योहार का आनंद लेने के साथ खान-पान में संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

न करें ये गलतियां: त्योहार के दिनों में मिठाइयों और नमकीन का जरूरत से ज्यादा सेवन, समय पर भोजन न करना, पानी कम पीना और देर रात तक जागना सेहत पर भारी पड़ सकता है। लंबे समय तक खाली पेट रहने से एसिडिटी बढ़ सकती है, जबकि पर्याप्त पानी न पीने से कब्ज और डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इसलिए व्यस्तता के बीच भी समय पर खाना खाएं और आराम के लिए वक्त जरूर निकालें।

खुद को भी दें प्राथमिकता: कई महिलाएं परिवार और मेहमानों की देखभाल के साथ अपनी सेहत का ध्यान रखना भूल जाती हैं। ऐसे में अपनी सेहत को भी प्राथमिकता दें। इस दौरान संतुलित भोजन, पर्याप्त पानी, पूरी नींद और हल्की शारीरिक गतिविधि आपको ऊर्जावान बनाए रख सकती है। याद रखें, त्योहार का असली आनंद तभी है, जब स्वाद के साथ सेहत का भी ख्याल रखा जाए। महिलाएं अकसर परिवार और मेहमानों का ख्याल रखते-रखते अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। नतीजा यह होता है कि त्योहार के बाद वे थकान, एसिडिटी, वजन बढ़ना या ब्लड शुगर/बीपी में गड़बड़ी जैसी समस्याओं से जूझने लगती हैं। इसलिए जरूरी है कि महिलाएं खुद की डाइट और दिनचर्या का संतुलन बनाए रखें।

ऐसी हो आपकी डाइट: त्योहार के समय महिलाओं की डाइट कैसी हो इस बारे में कोकून हॉस्पिटल, जयपुर में सीनियर कंसल्टेंट-ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, **डॉ. चारुलता बंसल** बताती हैं, 'महिलाओं को हल्का, संतुलित और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लेना चाहिए। दिन की शुरुआत पोहा, उपमा, दलिया या इडली जैसे पौष्टिक नाश्ते से करें। खाने में हरी सब्जियां, दाल, दही, सलाद और साबुत अनाज शामिल करें। मिठाइयां खाएं, लेकिन उनकी मात्रा सीमित रखें। तले-भुने स्नैक्स की जगह भुने चने, मखाने और मेवे चुनें। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और छाछ या नीबू-पानी जैसे पेय भी लें।

शुगर-बीपी पेशेंट रहें सतर्क: डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रही महिलाओं को त्योहारों में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इस बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-एंडोक्राइनोलॉजी **डॉ. साकेत कांत** सलाह देते हैं, 'दवाएं समय पर लें और डॉक्टर की सलाह के अनुसार ब्लड शुगर की जांच करवाती रहें। मीठे और ज्यादा कार्बोहाइड्रेट वाले खाद्य पदार्थों की मात्रा नियंत्रित रखें। बीपी की समस्या होने पर नमक और तली भुनी चीजों का सेवन सीमित करें।

दिवाली जैसे त्यौहार में स्वादिष्ट व्यंजन खाने का आनंद लेना गलत नहीं है, लेकिन समझदारी से खाया गया हर निवाला ही सेहत का असली मंत्र है। ऐसे में त्योहार की खुशी अच्छे से मना पाएंगी।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

खबर संक्षेप

एडीसी ने सुनीं आमजन की शिकायत, 10 लोगों ने रखी शिकायतें

फतेहाबाद। आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में एडीसी अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर में कुल 10 शिकायत आई। एडीसी अनुराग ढालिया ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सप्ताह के प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। ये समाधान शिविर आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं। इन शिविरों के जरिए नागरिकों को अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखने और उनका समाधान करवाने का अवसर मिलता है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उसे समयबद्ध तरीके से राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डांगरा में 1.24 करोड़ की परियोजनाओं का राज्यसभा सांसद ने किया उद्घाटन

ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता : सुभाष बराला

- पशुओं के उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



टोहाना। विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि


राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास और गांवों में शहरों के समान मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

सांसद सुभाष बराला ने सोमवार को टोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांव डांगरा में लगभग एक करोड़ 24 लाख 40 हजार रुपये की लागत से तैयार विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें आरईएस स्कीम के तहत 38 लाख 40 हजार रुपये की लागत से निर्मित 10 दुकानें, 50 लाख रुपये की लागत से फिरनी सडक़, 31 लाख रुपये की लागत से पशु चिकित्सालय व 5 लाख रुपये की लागत से तैयार पशु चिकित्सालय गेट शामिल हैं।

सांसद सुभाष बराला ने कहा कि इन परियोजनाओं से गांव में विकास को नई गति मिलेगी। फिरनी सड़क के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी। पशु चिकित्सालय से किसानों एवं पशुपालकों को पशुओं के उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी। वहीं, जिम हॉल युवाओं को खेल एवं व्यायाम के लिए प्रोत्साहित करेंगे तथा लाइब्रेरी विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को अध्ययन का बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाएगी।

प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

बराला ने कहा कि सरकार गांवों में पेयजल, स्वच्छता, जल निकासी, गलियों एवं नालियों के निर्माण, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। विकास का वास्तविक उद्देश्य केवल निर्माण कार्य करवाना नहीं, बल्कि आमजन के जीवन को सुविधाजनक बनाना और प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होने से गांव आत्मनिर्भर और सशक्त बनेंगे। इस अवसर पर डीडीपीओ अनूप सिंह, बीडीपीओ राहुल श्योकंद, एसडीओ बलवान सिंह, सरपंच उर्मिला मुंड, कुलदीप डांगरा, परवीन पंच, मंजीत पंच, पूर्व चेयरमैन सुरजीत, जगदीप बराला, बलराज नंबरदार, बलराज सेलवाल, सुभाष कुंडू, जयबीर मूंड सहित अधिकारीगण और ग्रामवासी उपस्थित रहे।


फतेहाबाद। पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल की प्रतिमा का अनावरण करते अतिथिगण।

चौधरी भजनलाल की जनसेवा की विरासत ही हमारी असली पूंजी : कुलदीप बिश्नोई

- बिश्नोई धर्म स्थापना दिवस पर फतेहाबाद में पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल की प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

542वें बिश्नोई धर्म स्थापना दिवस के पावन अवसर पर फतेहाबाद स्थित बिश्नोई मंदिर में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व संसदीय सचिव दुड़ाराम, नवनिर्वाचित विधायक रणधीर पनिहार और स्वामी सच्चिदानंद महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने समस्त बिश्नोई समाज एवं प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए भगवान गुरु जंभेश्वर जी के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।

प्रतिमा के अनावरण के दौरान भावुक होते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि यह उनके और उनके परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण व भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि चौधरी भजनलाल ने अपना पूरा जीवन जनसेवा, गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं थे, बल्कि आमजन के सुख-दुख के सच्चे साथी थे। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को उनके संघर्ष, सद्भाव और समर्पण के मूल्यों की प्रेरणा देती रहेगी। कुलदीप बिश्नोई ने कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व संसदीय सचिव दुड़ाराम और विधायक रणधीर पनिहार का आभार जताते हुए कहा कि सर्वसमाज की यह सहभागिता चौधरी भजनलाल जी के प्रति लोगों के अटूट सम्मान को दर्शाती है।

अग्रोहा धाम टीले की खुदाई के काम में तेजी लाए सरकार: बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

वैश्य समाज की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में सामाजिक संस्था ताली कीर्तन पार्टी को समाज द्वारा अग्रोहा धाम में सम्मानित किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि वैश्य समाज के व्यक्ति देश भर में महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र व जनता की सेवा में लगे हुए हैं। महाराजा अग्रसेन ने समाजवाद को बढ़ावा देते हुए गरीबों को ऊंचा उठाने का काम किया। महाराजा अग्रसेन ने जरूरतमंद को हर घर से एक ईट एक मुद्रा देने की परंपरा अपने राज्य में लागू की, जिसे युगों-युगों तक याद किया जाएगा।

- कहा : महाराजा अग्रसेन जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करे केंद्र सरकार

बजरंग गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का महल 125 एकड़ में अग्रोहा में बना हुआ था। वह अब



टीलों के रूप में बदल चुका है। सरकार को अग्रोहा धाम टीलें की खुदाई का काम धीमी गति से करने की बजाय उसमें तेजी लानी चाहिए। टीलें की खुदाई में बेशुमार कीमती सामान मिलने की उम्मीद है क्योंकि महाराजा अग्रसेन जी के राज्य में धन की कोई कमी नहीं थी। गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में महाराज अग्रसेन जी के नाम पर करोड़ों रुपए की लागत से दो म्यूजियम बनाए गए हैं। जिसमें महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी को दर्शाया जाएगा ताकि देश की युवा पीढ़ी महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी के बारे में जानकारी लेकर ज्यादा से ज्यादा राष्ट्र व जनता के हित में कार्य कर सकें।

माता साहिब कौर जी का प्रकाश पर्व मनाएंगे आज

रतिया। खालसा पंथ की माता साहिब कौर के पावन जन्म दिहाड़े के शुभ अवसर पर श्री सुखमनी सेवा सोसाइटी द्वारा मंगलवार, 3 नवंबर को गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सोसाइटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी माता साहिब कौर जी के जन्म दिहाड़े को समर्पित विभिन्न धार्मिक समागम आयोजित किए जा रहे हैं। महिला सदस्यों ने बताया कि जन्म दिहाड़े को समर्पित 1 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब जी का प्रकाश करवाया गया था। 3 नवंबर को प्रातः श्री अखंड पाठ साहिब जी के पाठ का विधिवत भोग डाला जाएगा। इसके पश्चात रागी व ढाडी जत्थे संगतों को गुरुबाणी कीर्तन व गुरु-इतिहास से निहाल करेंगे। जसवीर कौर, अमृत कौर, नसीब कौर, सिमरनजीत कौर, रूपिंदर कौर, गुरप्रीत कौर, हरिंदर कौर, सुरिंदर कौर, आशावंती, संतोष कौर, कोमल कौर, रूप कौर, अर्श कौर, पायल, कुलवंत कौर और जसविंदर कौर ने संगतों से अपील की है कि वे इस धार्मिक कार्यक्रम में परिवार सहित बड़ी संख्या में पहुंचकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें।

राज्य स्तरीय शतरंज में क्रेसंट स्कूल के विहान, रूहान और जयंत ने दिलाया फतेहाबाद को दूसरा स्थान

- विहान ने पांच में पांच जीते, रुहान ने चार जीत व एक ड्रा खेलकर हरियाणा में फतेहाबाद टीम को उपविजेता बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। शतरंज प्रतियोगिता में विजेता क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

भारतीय विद्यालय खेल महासंघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-11 शतरंज प्रतियोगिता में क्रेसंट स्कूल, फतेहाबाद के होनहार विद्यार्थियों विहान, रूहान और जयंत ने अपनी असाधारण प्रतिभा, बौद्धिक कौशल एवं खेल-कौशल का परिचय देते हुए जिले को गौरवान्वित किया। पानीपत में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 22 जिलों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें फतेहाबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान फतेहाबाद की टीम ने अद्भुत रणनीति, धैर्य एवं एकाग्रता का परिचय देते हुए पाँच मुकाबलों में तीन में विजय प्राप्त की तथा दो मुकाबले ड्रॉ रहे। टीम ने कुल 8 मैच प्वाइंट और 16 गेम प्वाइंट अर्जित कर राज्य की उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। क्रेसंट स्कूल के विहान ने पांचों मुकाबलों में विजय प्राप्त कर 5 अंक अर्जित किए, जबकि रूहान ने 4.5 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जयंत ने भी अंतिम मुकाबले में टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। तीनों विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन ने फतेहाबाद की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई।

प्रधानाचार्या ने की प्रशंसा

प्रधानाचार्या रितु सिंधू ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि एकाग्रता, धैर्य, दूरदर्शिता और त्वरित निर्णय क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और अथक परिश्रम से यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प एवं निरंतर अभ्यास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें सफलता के नए शिखरों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

युवक ने फांसी लगाकर की जीवनलीला समाप्त

- मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के नया पुरवा (अटेली) निवासी सौरभ के रूप में हुई है
- हादसे की भनक लगते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कैमरी रोड स्थित चंद्रलोक कालोनी में रविवार देर शाम शराब के नशे में धुत्त एक 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान मूल रूप से उत्तर प्रदेश के नया पुरवा (अटेली) निवासी सौरभ के रूप में हुई है, जो फिलहाल चंद्रलोक कॉलोनी में रहकर कोठियों में माली का काम करता था।

मृतक के मौसेरे भाई अंकित द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत और बयानों के मुताबिक सौरभ अत्यधिक शराब पीने का आदी था और घटना के वक्त भी वह भारी नशे में था। रविवार शाम को उसने अपने कमरे में छत पर लगे लोहे के गाटर से रस्सी बांधकर फंदा लगा लिया। काफी देर बाद जब स्वजन कमरे में पहुंचे, तो सौरभ का शव पंखे के स्थान पर गाटर से लटकता देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। हादसे की भनक लगते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। आजाद नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। पुलिस ने परिजनों शव का पोस्टमार्टम करवाकर सोमवार को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर इत्तेफाकिया कार्रवाई दर्ज कर आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है।

पैसों के लेनदेन का विवाद : गांव धनखड़ी के युवक को जहरीला पदार्थ खिलाकर की हत्या

- बेटे के बयान पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया
- सुभाष ने करीब तीन साल पहले उनके पिता से 11 लाख रुपये उधार लिए थे। आरोप है कि बार-बार पैसे मांगने पर भी सुभाष टालमटोल करता रहा
- परिजनों ने सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव धनखड़ी निवासी एक व्यक्ति को उधार दिए गए पैसे मांगने के लिए गांव कोथ खुर्द बुलाकर कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खिलाकर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतक 49 वर्षीय पिता बलजीत के बेटे के बयान पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत हत्या का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

उधार दिए 11 लाख रुपये मांगने गया था

मृतक के बेटे, गांव धनखड़ी निवासी आशु ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसके 49 वर्षीय पिता बलजीत का गांव कोथ खुर्द में रहने वाले उसके ममेरे भाई सुभाष के साथ पैसों का लेन-देन था। सुभाष ने करीब तीन साल पहले उनके पिता से 11 लाख रुपये उधार लिए थे। आरोप है कि बार-बार पैसे मांगने पर भी सुभाष टालमटोल करता रहा और इसी सिलसिले में रविवार को उसने बलजीत को अपने गांव कोथ खुर्द बुला लिया। सोमवार की सुबह बलजीत ने अपने बेटे आशु को फोन कर बताया कि उसका गला खराब हो रहा है और चीरने जैसा महसूस हो रहा है। उन्होंने उसे जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया है। सूचना मिलते ही परिजन तुरंत कोथ खुर्द पहुंचे और गंभीर हालत में उन्हें नारनौंद के सरकारी अस्पताल लेकर आए, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जींद रेफर कर दिया गया। जींद के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान बलजीत ने दम तोड़ दिया।

परिजनों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

मृतक के बेटे आशु ने आरोप लगाया कि उसके पिता को साजिश के तहत जहरीला पदार्थ खिलाया गया है। इस घटना में सुभाष, उसकी पत्नी, उनका बेटा राकेश और सुभाष का भाई ओमड़ शामिल हैं। परिजनों ने सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

मामले की गहनता से जांच जारी

मिर्जापुर चौकी प्रभारी धर्मवीर ने बताया कि मृतक के बेटे आशु के बयानों के आधार पर आरोपी सुभाष, उसकी पत्नी, बेटे राकेश और भाई ओमड़ के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाया जाएगा।

फेस्टिव सेल में साइबर ठगों से रहें सावधान: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



पुलिस ने दीपावली पर सस्ते सामान और भारी डिस्काउंट का लालच देकर ऑनलाइन शॉपिंग से लोगों को सतर्क किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने सोमवार को एडवाइजरी जारी कर बताया कि त्योहारी सीजन में ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर साइबर ठग भी सक्रिय हो जाते हैं और फर्जी ऑफर देकर लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। उन्होंने लोगों को ऑनलाइन खरीदारी के दौरान सावधानी बरतने और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी है।

एसपी ने बताया कि फेस्टिव सेल के दौरान कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक सामान और घरेलू उपकरणों पर भारी छूट के विज्ञापन दिखाकर लोगों को आकर्षित किया जाता है। ठग नामी कंपनियों जैसी दिखने वाली नकली वेबसाइट और विज्ञापन तैयार कर लोगों को धोखा दे सकते हैं। कई बार व्हाट्सएप और मोबाइल मैसेज पर गिफ्ट, कैशबैक और सस्ते सामान के नाम पर लिंक भेजे जाते हैं। इन पर क्लिक करते ही निजी जानकारी चोरी होने और बैंक खाते से रकम निकलने का खतरा रहता है। पुलिस के अनुसार, ऑर्डर रद्द करवाने या रिफंड दिलाने के नाम पर फर्जी कस्टमर केयर नंबर के जरिए भी ठगी की जाती है। ठग मोबाइल पर एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। वहीं, पैसे वापस भेजने के बहाने यूपीआई पिन डलवाने की कोशिश की जाती है। ध्यान रखें कि पैसे प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होती। ऑनलाइन खरीदारी हमेशा आधिकारिक वेबसाइट या ऐप से करें। अनजान लिंक पर क्लिक न करें और ओटीपी, पासवर्ड, बैंक की जानकारी व यूपीआई पिन किसी से साझा न करें।

चौथी कक्षा की मंसीरत ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीते तीन गोल्ड

गांव पहुंचने पर हुआ विजेता का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

देव समूह द्वारा संचालित ब्राइट स्टार स्कूल, अहलीसदर की कक्षा चौथी की छात्रा मंसीरत ने राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा सहित फतेहाबाद जिले और अपने गांव का नाम रोशन किया है। दिल्ली के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में मंसीरत ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप में पहला स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

छोटी उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर तीन स्वर्ण पदक जीतकर गांव लौटी


भूना। गोल्ड मेडलिस्ट मंसीरत।

मंसीरत का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने बेटी को फूलों और नोटों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा आशीर्वाद देकर उसका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान ग्रामीणों ने मंसीरत की उपलब्धि को पूरे गांव के लिए गर्व का विषय बताया। छात्रा की इस उपलब्धि पर देव समूह के चेयरमैन तरसेम शर्मा देवगण और विद्यालय की प्रधानाचार्या योगिता नारंग ने मंसीरत तथा उसके परिजनों को बधाई दी। चेयरमैन तरसेम शर्मा ने कहा कि ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत बच्चों को उचित मंच, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने की है। मंसीरत की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

दीपोत्सव विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने पूरे प्रांगण को दीपोत्सव के रंग में रंगा

बीएड कॉलेज में दीपावली के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी कला, कौशल और रचनात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस सक्रिय भागीदारी ने पूरे प्रांगण को दीपोत्सव के रंग में रंग दिया और कार्यक्रम को बेहद रुचिपूर्ण बना दिया। कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं के तहत दिवाली क्विज, एक दीप-एक सकारात्मक संकल्प, दिवाली डेकोरेशन, रंगोली और 60 सेकंड रील मेकिंग प्रतियोगिताएं मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि वे इस दीवाली को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लें। उन्होंने सभी से इको-फ्रेंडली और पटाखा मुक्त दीपावली मनाने की अपील करते हुए दीयों के इस पावन पर्व को आपसी प्रेम और उल्लास के साथ मनाने का संदेश दिया।


फतेहाबाद। एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

ये रहे परिणाम

दिवाली क्विज प्रतियोगिता में सचिन ने प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय तथा गौरी शंकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं रंगोली प्रतियोगिता में परविंदर व अपूर्वा की जोड़ी ने प्रथम, मनीषा व रेनू ने द्वितीय तथा दीपिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। एक दीप-एक संदेश' प्रतियोगिता में वनिता ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मीनाक्षी द्वितीय और कशिश व दीपिका संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। रील बनाओ प्रतियोगिता में स्वाती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कशिश व दीपिका ने द्वितीय और तमन्ना व निहारिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिवाली डेकोरेशन प्रतियोगिता में निहारिका ने प्रथम, यशिका ने द्वितीय तथा अपूर्वा व मनीषा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कॉलेज का पूरा परिसर दीपों और रंगोली की सजावट से जगमगा उठा और सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाइयां दीं।

खबर संक्षेप

नाथूसरी कलां सहित 7 गांवों में पैक्स चुनाव

चोपटा। दि नाथूसरी कलां प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. की प्रबंधक समिति के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव में नाथूसरी कलां निवासी सुदेश कासनियां की धर्मपत्नी मोनिका रानी प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। चुनाव के मद्देनजर सोमवार को राममूर्ति आर्य ने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इ उन्होंने मतदाताओं से मोनिका रानी के चुनाव चिह्न छाता पर मतदान कर उन्हें विजयी बनाने का आग्रह किया। राममूर्ति आर्य ने बताया कि इस चुनाव में नाथूसरी कलां, रूपाना जाटान, शक्करमंदोरी, शाहपुरिया, तरकांवाली, हंजीरा और रामपुरा ढिल्लों गांवों के मतदाता मतदान करेंगे।

तहसील रानियां में समाधान शिविर 5 को

सिरसा। आगामी पांच नवंबर को तहसील कार्यालय रानियां में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम ऐलनाबाद अदिति सिंघानिया ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को शिविर किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 5 नवंबर, वीरवार को तहसील कार्यालय रानियां में समाधान शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए 5 नवंबर को तहसील कार्यालय में आयोजित शिविर में समस्याओं का निवारण करवाएं।

भाविप ने करवाई भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता

सिरसा। भारत विकास परिषद शाखा सिरसा द्वारा भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद हाल परिषद में किया। प्रतियोगिता में 11 विद्यालयों की 18 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में शाह सतनाम जी गल्र्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा ने प्रथम, संत कबीर इंटरनेशनल स्कूल नाथूसरी चौपटा द्वितीय तथा गुरुनानक स्कूल सिरसा तृतीय स्थान पर रहे तथा वरिष्ठ वर्ग में एसएस जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा की टीम ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरपुर ने द्वितीय तथा स्वामी विवेकानंद विद्यालय, अरनियांवाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कैविटी से बचाना ही दांतों की बड़ी सुरक्षा: डॉ. बंसल

सिरसा। एमआरएस हाई स्कूल में एक दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. नंदिनी बंसल ने बच्चों का चेक अप किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और दांतों से जुड़ी समस्याओं का समय पर निदान करना था। शिविर के दौरान इलाइट डेंटल क्लीनिक की अनुभवी दंत चिकित्सक डॉ. नंदिनी बंसल की टीम ने स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के दांतों की विस्तृत जांच की। डॉक्टरों ने बच्चों को दांतों की सडऩ, मसूढ़ों की समस्याओं से बचाव के उपाय बताए। इसके साथ ही, बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने का सही तरीका है।

2100 दीयों की रोशनी से जगमगाएगा शनि धाम

सिरसा। दीपावली पर्व के अवसर पर नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनि धाम में दीपोत्सव पर्व मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर प्रांगण में 2100 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। श्री शनि देव मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी आनंद भार्गव व चंद्रमोहन भृगुवंशी ने बताया कि दीपावली पर्व के उपलक्ष में 7 नवंबर को छोटी दीपावली के दिन मंदिर प्रांगण में दीपोत्सव पर्व का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में भव्य सजावट की जाएगी। मंदिर को विद्युत चलित लडिय़ों व रंगोली से सजाया जाएगा। 7 नवंबर को शाम 7 बजे मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा 2100 दीये जलाकर भगवान राम के अयोध्या आगमन की खुशियां मनाई जाएगी। ट्रस्ट पदाधिकारी ने बताया कि दीपावली के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले इस समारोह की तैयारी शुरू हो चुकी हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

ओलावृष्टि के मुआवजे को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना

मौजूदा सरकार किसानों की बजाय पूंजीपति हितों को दी रही प्राथमिकता : अजय सिधानी

मुआवजे के लिए तय 5 एकड़ की सीमा शर्त को करें खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया



रतिया। एसडीएम कार्यालय पर धरना देते किसान। फोटो : हरिभूमि

ओलावृष्टि से बर्बाद हुई धान की फसल के उचित मुआवजे सहित विभिन्न मांगों को लेकर रतिया एसडीएम कार्यालय के समक्ष किसानों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 5वें दिन भी लगातार जारी रहा। धरने की अध्यक्षता शहरी प्रधान कर्मा सिंह ने की। धरने में पहुंचे किसानों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के राज्य सचिव अजय सिधानी ने कहा कि मौजूदा सरकार किसानों व मजदूरों के बजाय पूंजीपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन अन्नदाता की बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदा से फसलें पूरी तरह तबाह होने के बाद भी किसानों को हक के लिए सडक़ों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत गिरदावरी करवाकर पीड़ित किसानों को उचित राहत प्रदान करे।

जिला प्रधान निर्भय सिंह ने कहा कि रतिया क्षेत्र में ओलावृष्टि से धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक किसानों की सभी जायज मांगों का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक एसडीएम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना इसी प्रकार जारी रहेगा। उन्होंने मांग की कि ओलावृष्टि से प्रभावित सभी फसलों की तुरंत पारदर्शी गिरदावरी करवाई जाए। मुआवजे के लिए तय 5 एकड़ की सीमा की शर्त को तुरंत समाप्त किया जाए और पूरी तरह से हुए नुकसान के आधार पर मुआवजा दिया जाए। धान खरीद की निर्धारित सीमा 28 क्विंटल से बढ़ाकर 40 क्विंटल प्रति एकड़ की जाए। पोर्टल से रद्द किए गए किसान पंजीकरणों को तुरंत बहाल किया जाए। ओलावृष्टि का मौजूदा 15,000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति एकड़ किया जाए।

नहरी पानी की मांग पर आज डीसी ऑफिस का घेराव

रतिया। बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि से बर्बाद हुई धान की फसल के उचित मुआवजे और रबी फसलों की बिजाई के लिए नहरों में लगातार दो सप्ताह पानी छोडऩे की मांग को लेकर 3 नवंबर को फतेहाबाद डीसी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के जिला सह सचिव साथी सुखचैन सिंह ने बताया कि पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से जिले भर में किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। प्रति एकड़ करीब एक लाख रुपये का नुकसान झेल चुके किसानों की इच्छाओं पर पानी फिर गया है। सुखचैन सिंह ने बताया कि इस संबंध में 27 अक्टूबर को रतिया एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। उसी दिन यह स्पष्ट कर दिया गया था कि यदि सरकार ने समय रहते मांगों पर अमल नहीं किया तो 3 नवंबर को डीसी ऑफिस फतेहाबाद का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामने त्योहारों और शादियों का सीजन है। किसान अपनी फसल के भरोसे ही पूरे परिवार और बाजार का लेनदेन निपटाता है, लेकिन ओलावृष्टि से धान झड़ गया और केवल पराली ही बची है, जिससे किसान और मजदूर दोनों गंभीर आर्थिक संकट में आ गए हैं।

दीवाली मेले की भीड़ खींच रही श्रीमत की शॉपिंग स्ट्रीट



सिरसा। दीवाली मेले का आनंद लेते शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

- खरीददारी के साथ बच्चों व बड़ों के मनोरंजन का बना स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

विदेशी तर्ज पर विकसित किए जा रहे श्रीमत सिटी सेंटर द्वारा दीवाली मेले के माध्यम से भविष्य की शॉपिंग स्ट्रीट का अनुभव करवा दिया है। भविष्य में सिरसा के डबवाली रोड से सटे सिटी सेंटर में लोग कैसे आनंद ले पाएंगे, कैसा नजारा होगा, कैसी पार्किंग व्यवस्था होगी, कैसे कारोबारी काम करेंगे, दीवाली मेले के माध्यम से ऐसा विजन लोगों के समक्ष रखा गया है, जिसे देखकर सिरसावासी अचंभित है। सिरसा में ऐसा पहली बार हो रहा है जब इतने बड़े स्तर पर दीवाली मेले का आयोजन किया गया है, जिसमें एंट्री व पार्किंग फ्री है, स्टॉल के लिए स्थान भी फ्री उपलब्ध करवाया गया है।

बच्चों के मनोरंजन के लिए चिल्ड्रन जोन बनाया गया है। रीछ और डक बने कलाकार बच्चों का मनोरंजन कर रहे हैं। रविवारीय अवकाश की वजह से सिटी सेंटर में शाम 6 बजे ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों के आने से यहां विविध प्रकार के सामान का स्टाल लगाने वालों के चेहरे पर भी रौनक देखने को मिली। स्थानीय गायक कलाकार भोला नागराज, विजय रामावत, बंटी राठौड़ ने एक के बाद सदाबहार गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। इस दौरान विभिन्न मनोरंजक गेम भी आयोजित किए गए, जिसके विजेताओं को श्रीमत सिटी सेंटर की ओर से स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। श्रीमत टेक्सवर्थ के डायरेक्टर संजीव जैन एडवोकेट ने लोगों के भारी रूझान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य अपने तीज-त्यौहारों से लोगों को जोडक़र रखने का है। दीपावली हमारा सबसे बड़ा त्यौहार है। त्यौहार की खुशियों से कोई भी वर्ग वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने दीवाली मेले का विजट करने वालों का आभार व्यक्त किया।

विश्वकर्मा समाज की बैठक में समाज उत्थान व मंच गठित करने पर हुई चर्चा

- विश्वकर्मा मंच ने किया चेयरमैन रोहताश जांगड़ा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। विश्वकर्मा समाज की बैठक को संबोधित करते चेयरमैन रोहताश जांगड़ा।

भाजपा कार्यालय सरसाईकमल में विश्वकर्मा समाज की बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर हरियाणा श्रम निगम चेयरमैन रोहताश जांगड़ा पहुंचे। विश्वकर्मा समाज की ओर से चेयरमैन रोहतास जांगड़ा का स्वागत किया और उनकी हरियाणा सरकार में चेयरमैन पद पर नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा संगठन का आभार व्यक्त किया। समाज ने कहा कि विश्वकर्मा समाज ने हमेशा मेहनत से सफलता अर्जित की है और रोहताश जांगड़ा मेहनती ईमानदार हैं। अध्यक्ष रोहताश जांगड़ा ने उपस्थितजनों ने सर्व सहमति से विश्वकर्मा मंच गठित करने और सभी शहरों, कस्बे और ग्रामीण स्तर तक समाजजनों को साथ लेकर शिक्षा तथा समाज उत्थान की जागरूकता को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर रिटायर्ड एएफएसओ कृष्ण जांगड़ा, रिटायर्ड हेडमास्टर मोहनलाल धामु, राजेश रताखेड़ा, रिटायर्ड कानूनगो रामकुमार, बलवंत सुथार आदि मौजूद रहे।

बाइक सवार तीन युवक हेरोइन सहित गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने गश्त के दौरान गांव भावदीन में बरूवाली रोड स्थित टी-प्वाइंट के पास बाइक सवार तीन युवकों को 7 ग्राम 15 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव भावदीन से बरूवाली की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब टीम प्वाइंट रामपुरा ढाणी के नजदीक पंहुची तो सामने से बाइक पर तीन युवक आते दिखाई दिए। सामने पुलिस टीम को देखकर युवकों ने बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस ने तीनों को मौके पर ही काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो आरोपियों के कब्जे से कुल 7.15 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।

सेठ सागरमल स्कूल में वार्षिक समारोह सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्रों ने मोह मन

- मीरा एक्ट से भक्ति व समर्पण की भावना को किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

सेठ सागरमल सुराणा जैन गल्र्स सीनियर सेकंडरी स्कूल का वार्षिक समारोह समर्पण-2026 सी.डी.एल.यू. यूनिवर्सिटी के मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। छोटे बच्चों की कार्टून एवं वंडर किड्स प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब आनंदित किया। मीरा एक्ट के माध्यम से भक्ति, आस्था एवं समर्पण की भावना को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं साइबर क्राइम एक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों ने डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इसके अतिरिक्त सरस्वती वंदना, गरबा, खेल प्रदर्शन एवं संगीत प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर शैक्षणिक एवं खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों तथा विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर्ता को पुरस्कार प्रदान किए गए।

मेडिटेशन को दिनचर्या का हिस्सा बनाए युवा : ललित

- आनंद सरोवर में दो दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर में दो दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन सोमवार को संपन्न हो गया। इसमें संस्थान के नियमित साधकों तथा शहर की गणमान्य हस्तियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया।

माउंट आबू से आए ब्रह्माकुमारीज के चार्टर्ड अकाउंटेंट बीके ललित ने बतौर मुख्य वक्ता सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने भीतर हर परिस्थिति के प्रति स्वीकार भाव पैदा करके स्व निरीक्षण की गहराई को सपष्ट किया और आत्म तथा परमात्म शक्ति के साथ आध्यात्म के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने उपस्थित सभा को सफल जीवन के लिए कई प्रभावशाली गुर सिखाए और नियमित मेडिटेशन को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि रोजाना कम से कम एक सौ एक दुआएं देने, मन में कृतज्ञता का भाव लाते हुए प्रकृति सहित हर व्यक्ति का 51 बार धन्यवाद करने तथा 21 बार अपने परिजनों सहित सबकी प्रशंसा एवं उत्साहवद्र्धन करने से हमारे मन की सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह वातावरण में फैलने लगता है और हमारे भीतर निर्णय शक्ति मजबूत होती है।

राजपूत प्रतिनिधि सभा की कार्यकारिणी गठित, रविंद्र चौहान सिंह बने अध्यक्ष

- भीम सिंह राठौड को मिल महासचिव पद की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। राजपूत प्रतिनिधि सभा सिरसा की बैठक में उपस्थितजन।

राजपूत प्रतिनिधि सभा सिरसा की बैठक सोमवार को महाराणा प्रताप भवन में हुई। बैठक में सभा के अध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान ने नई कार्यकारिणी गठित की। इसमें मार्गदर्शन मंडल में चानण सिंह खिच्ची, विजय सिंह राठौड़, बलबीर सिंह चौहान, इंद्र सिंह भाटी, धीरत सिंह खिच्ची, रामकुमार भाटी को शामिल किया गया है। संरक्षक मंडल में बहादुर सिंह शेखावत को नियुक्त किया गया। रविंद्र सिंह चौहान को अध्यक्ष व डॉ. शत्रुजीत सिंह शेखावत, कृष्ण सिंह शेखावत, हनुमान सिंह भाटी, मा. राजकुमार सिंह चौहान को वरिष्ठ उपप्रधान नियुक्त किया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष में योगेंद्र सिंह राठौड़, लक्ष्मण सिंह चौहान, एडवोकेट पुखराज चौहान, दुर्गा सिंह राठौड़ व दिवाकर सिंह राठौड़ को नियुक्त किया गया। महासचिव पद की जिम्मेदारी भीम सिंह राठौड़ को दी गई है। ओम सिंह राठौड़, मूल सिंह इंदा व अजय सिंह राठौड़ को सचिव बनाया गया है, जबकि कोषाध्यक्ष के रूप में जसवंत सिंह राठौड़, संगठन सचिव महेंद्र सिंह राठौड़ व कानूनी सलाहकार के रूप में आशीष चौहान को नियुक्त किया गया है।

फेस ऑथेंटिकेशन कर जमा कराए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

- स्मार्टफोन के माध्यम से करें सुविधा का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सरकार द्वारा पेंशनभोगियों की सुविधा के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान-5 चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पेंशनभोगी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से फेस ऑथेंटिकेशन सुविधा का उपयोग करके डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र (डीएलसी) जमा करवा सकते हैं। जिला खजाना अधिकारी नरेंद्र ढुल ने बताया कि इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिले के सभी सहायक खजाना अधिकारियों (एटीओ) और पेंशन संबंधी कार्य करने वाले कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पेंशनभोगियों को इस सुविधा के प्रति जागरूक करें और डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र तैयार करने व जमा करवाने में उनकी मदद करें। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण-पत्र जमा करवाने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। जिला खजाना कार्यालय की ओर से सभी पेंशनभोगियों से अपील की गई है कि वे अभियान-5 के तहत स्मार्टफोन से फेस ऑथेंटिकेशन सुविधा का उपयोग कर अपना डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करवाएं।

त्रिवेणी युवा महोत्सव में सीडीएलयू के विद्यार्थियों ने किया शानदान प्रदर्शन

युवा महोत्सव छात्रों को संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रदान करते हैं मंच : कुलपति

यूटीडी के विद्यार्थियों ने ललित कला की प्रतियोगिताओं में हासिल किए 20 पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। युवा महोत्सव के विभिन्न विधाओं में देविवि के विजेताओं को सम्मातिन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित 13वें त्रिवेणी युवा महोत्सव में यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स (यूटीडी) के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी बहुआयामी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक दक्षता का परिचय दिया। चार दिवसीय युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, संगीत, नृत्य, रंगमंच, साहित्यिक एवं ललित कला की विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 20 विधाओं में पुरस्कार हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. विजय कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास विकसित करने और भारतीय कला एवं संस्कृति से जुडऩे का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं।

पांच विधाओं में हासिल किया प्रथम स्थान

कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। युवा कल्याण निदेशक प्रो. मंजू नेहरा ने बताया कि इस महोत्सव में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पांच विधाओं में प्रथम स्थान, आठ विधाओं में द्वितीय स्थान तथा सात विधाओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष रूप से सामान्य समूह नृत्य, हरियाणवी एकल नृत्य (महिला), अंग्रेजी भाषण, अंग्रेजी डिबेट और हिंदी वाद-विवाद में प्रथम स्थान प्राप्त करना विश्वविद्यालय के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि रही। सांस्कृतिक एवं लोक कला के क्षेत्र में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक शोभायात्रा में तृतीय स्थान, हरियाणवी समूह नृत्य में द्वितीय स्थान तथा हरियाणवी एकल नृत्य (पुरुष) में द्वितीय प्राप्त किया। क्रिएटिव कोरियोग्राफी में भी विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान हासिल किया। युवा कल्याण निदेशक प्रो. मंजू नेहरा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सुरेंद्र सिंह, कल्चरल कोऑर्डिनेटर प्रो. रणजीत कौर तथा ब्रह्मजीत सिंह ने प्रो. विजय कुमार तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार का प्रशासनिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।